# डीएमएफ शिकायत पर एक माह से जांच गायब

## पूर्व प्राचार्य पर गंभीर आरोप, विभाग मौन, 40 लाख की खरीद पर उठे भ्रष्टाचार के सवाल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 जुलाई। जिला खनिज प्रतिष्ठान डीएमएफ की राशि से शास. महाविद्यालय बरका के लिए की गई सामग्री खरीदी में कथित वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत के बावजूद एक माह से अधिक समय बीत जाने पर भी जांच प्रक्रिया शुरू नहीं होने से पूरे मामले पर सवाल खड़े हो गए हैं।**

शास. महाविद्यालय बरका के प्राचार्य ने 25 मई को अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, रीवा संभाग को विस्तृत शिकायत भेजकर जांच समिति गठित करने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की थी। लेकिन अब तक न तो जांच समिति गठित किए जाने की आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक हुई है और न ही जांच की प्रगति सामने आई है। शिकायत में तत्कालीन लीड कॉलेज बैढ़न के पूर्व प्राचार्य डॉ. एमयू सिद्दीकी की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। पत्र के अनुसार डीएमएफ मद से महाविद्यालय बरका के लिए 97.40 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी हुई थी तथा प्रथम किश्त के रूप में 40 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। शिकायतकर्ता का दावा है कि बरका महावि. को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया था, लेकिन बाद में बिना स्पष्ट आदेश और बिना संस्था को विधिवत जानकारी दिए पूरी खरीद प्रक्रिया दूसरे महाविद्यालय के माध्यम से संचालित कर दी गई।

### अभिलेखों के अभाव में नहीं हुआ सत्यापन

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि महाविद्यालय को सामग्री प्राप्त करने के लिए दबाव बनाया गया, जबकि न तो क्रय आदेश उपलब्ध कराया गया और न ही सामग्री की रेट सूची, स्टॉक विवरण अथवा अन्य आवश्यक दस्तावेज दिए गए। शिकायत के अनुसार खेल सामग्री अब तक प्राप्त नहीं हुई है, कई पुस्तके आवश्यकता और कक्षाओं के अनुरूप नहीं हैं तथा सामग्री का सत्यापन अभिलेखों के अभाव में संभव नहीं हो पा रहा है। प्राचार्य ने यह भी आरोप लगाया है कि स्टॉक रजिस्टर, बिल-वाउचर, निविदा दस्तावेज, तुलनात्मक चार्ट, गुणवत्ता समिति के आदेश, क्रय आदेश सहित खरीद प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण अभिलेख आज तक उपलब्ध नहीं कराए गए। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि 40 लाख रुपये दूसरे खाते में स्थानांतरित किए गए तथा जेम पोर्टल के दस्तावेजों में रिपोर्टिंग अधिकारी के नाम को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।

### जांच प्रक्रिया पर खड़ा हो रहा सवाल

इन आरोपों के बाद सबसे बड़ा सवाल जांच प्रक्रिया को लेकर खड़ा हो गया है। यदि शिकायत निराधार है तो जांच कर उसे स्पष्ट किया जाना चाहिए और यदि प्रथम दृष्टया तथ्य सामने आते हैं तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी जांच समिति की स्थिति स्पष्ट नहीं होना उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है। यदि जांच समिति गठित हो चुकी है तो उसकी जानकारी सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही और यदि गठित नहीं हुई है तो इतनी गंभीर शिकायत पर विलंब का कारण क्या है। फिलहाल पूरा मामला शिकायत पत्र में लगाए गए आरोपों पर आधारित है। इन आरोपों की सत्यता सक्षम प्राधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच के बाद ही स्थापित होगी। हालांकि शिकायत में उठाए गए बिंदुओं ने डीएमएफ मद से हुए व्यय की पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल अवश्य खड़े कर दिए हैं।

# समस्याओं को न करें नजरअंदाज : देवेश

## मानसून की तैयारियों को लेकर ननि सख्त,अधिकारियों को दिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 जुलाई। नगर पालिक निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय की अध्यक्षता में निगम कार्यालय में मानसून तैयारियों, स्वच्छता व्यवस्थाओं एवं नागरिक सुविधाओं को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी, डीके सिंह, दिनेश तिवारी सहित संबंधित उपयंत्री एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में शहर की मूलभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने तथा वर्षा ऋतु के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में ननि अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि मानसून के दौरान नागरिकों को राहत प्रदान करना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी अधिकारी मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने शहर के सभी 45 वार्डों में जलभराव की समस्या पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी,

### सीटाडेल का नियमित करें निरीक्षण

स्वच्छता व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए ननि अध्यक्ष ने स्वच्छता विभाग को सीटाडेल का नियमित निरीक्षण करने तथा प्रत्येक वार्ड में समय पर कचरा उठाव सुनिश्चित करने के निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई के बाद तत्काल कचरा उठाव कराया जाए, ताकि दोबारा गंदगी एवं जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। इसके साथ ही मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी वार्डों में नियमित रूप से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने के निर्देशित किया। ननि अध्यक्ष ने शहर की आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने पर जोर देते हुए क्षतिग्रस्त सड़कों का शीघ्र सुधार कार्य कराने एवं खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल बदलने की कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वहीं बैठक में कचरा संग्रहण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

## एक नजर में

### स्कूली बच्चों ने साइबर सुरक्षा का दिया संदेश

**सिंगरौली।** सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान 2.0 के तहत सोमवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों और बैंक उपभोक्ताओं को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। थाना मोरवा द्वारा एनसीएल ऑफिसर्स क्लब में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में एसपी सियाज केएम सहित पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एनसीएल स्टेडियम में स्कूली बच्चों द्वारा सेफ क्लिक 2.0 1930 की विशाल मानव आकृति का निर्माण रहा।

### 90 करोड़ का मिला राजस्व, 60 प्रतिशत लक्ष्य पूरा

**सिंगरौली।** जिला कलेक्टर गौरव बैनल के मार्गदर्शन में पंजीयन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 90 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। यह निर्धारित 152 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य का लगभग 60 प्रतिशत है। विभाग के अनुसार अप्रैल से जून के बीच जिले में 3,500 से अधिक भूमि एवं भवनों की रजिस्ट्रियां संपन्न हुईं, जिससे राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। पंजीयन विभाग ने बताया कि संपदा 2.0 प्रणाली लागू होने से रजिस्ट्री प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और तेज हुई है। अब नागरिकों को रजिस्ट्री की प्रमाणित डिजिटल प्रति मोबाइल पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे कार्यालय आने की आवश्यकता कम हुई है।

### चाणक्य वार्ड में गहराया जल संकट

**सिंगरौली।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 30 स्थित चाणक्य वार्ड में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। नियमित जलापूर्ति नहीं होने से स्थानीय रहवासियों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों को लिखित आवेदन और दूरभाष के माध्यम से समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। समस्या के निराकरण में हो रही देरी से नाराज समाजसेवी डॉ. विनोद राय ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज कराई है। उन्होंने ननि महापौर, आयुक्त एवं निगम अध्यक्ष से शीघ्र हस्तक्षेप कर चाणक्य वार्ड में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### देवसर बाजार में बड़ा हादसा टला

**देवसर।** देवसर बाजार में सोमवार की अलसुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। जियावन थाने के सामने सीधी की ओर से आम लेकर आ रही पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 66 जी 1966 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी फल एवं सब्जी विक्रेताओं की कई ठेलियों और गुमटियों से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कई ठेले और गुमटियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त पिकअप स्थानीय फल व्यवसायी पिंटू फल वाले की बताई जा रही है। हादसे के बाद बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। गनीमत रही कि घटना के समय कोई भी दुकानदार या राहगीर ठेलों के पास मौजूद नहीं था। इसके चलते किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

# पौधरोपण भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है : लिनु

## हरित भविष्य की ओर हिंडालको महान का मजबूत कदम

नवभारत न्यूज

**बरगवां 6 जुलाई। पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सशक्त करते हुए हिंडालको महान ने मेगा प्लांटेशन अभियान के चौथे चरण के अंतर्गत डीएम प्लांट क्षेत्र में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।**

ऑपरेशन हेड सुदीप्ता नायक की पहल एवं नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान लगभग 300 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया, जिससे इकाई के ग्रीन बेल्ट विस्तार को नई गति मिली। कार्यक्रम में इकाई प्रमुख लिनु पंचमन पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक, मैकेनिकल हेड आदर्श, जनसंपर्क एवं सीएसआर प्रमुख संजय सिंह सहित वरिष्ठ प्रबंधन, विभागाध्यक्षों एवं युवा इंजीनियरों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर इकाई प्रमुख लिनु पंचमन ने कहा किए सतत औद्योगिक विकास का आधार पर्यावरण संरक्षण है। हिंडालको महान में वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति और भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण, बेहतर जैव विविधता और स्वस्थ जीवन की मजबूत नींव बनेगा। हमारा लक्ष्य उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण को समान प्राथमिकता देते हुए एक हरित एवं जिम्मेदार औद्योगिक मॉडल स्थापित करना है। वहीं पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक ने कहा किए डीएम प्लांट जैसे औद्योगिक क्षेत्र में हरित आवरण का विस्तार पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# वॉर्ड-4 में नाली निर्माण की गुणवत्ता परखी, उपयंत्री ने किया निरीक्षण

## सीएमओ के निर्देश पर निर्माण सामग्री और तकनीकी मानकों की जांच, समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**बरगवां 6 जुलाई। नप बरगवां के वॉर्ड क्रमांक 4 में निर्माणाधीन नाली कार्य का सोमवार को गुणवत्ता निरीक्षण किया गया।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित सिंह के निर्देश पर उपयंत्री ने निर्माण स्थल पहुंचकर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री, नाली की संरचना तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की गई। उपयंत्री ने मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित

गुणवत्ता मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता किए बिना पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में मानक सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाए और सभी तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए तय समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान नाली की चौड़ाई, गहराई, ढलान और निर्माण की मजबूती जैसे बिंदुओं का भी परीक्षण किया गया। नप बरगवां के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है। इसका उद्देश्य निर्माण कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखना तथा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी कमी पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

नगर परिषद का कहना है कि नियमित स्थलीय निरीक्षण से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी नियंत्रण बना रहता है।

### संतुलित उर्वरक से बढ़ाएं उत्पादन एवं मृदा उर्वरता

**सिंगरौली 6 जुलाई (एनबीएन)।** उप संचालक कृषि मनोज सिंह द्वारा जिले के किसानों से खरीफ फसलों में उर्वरकों का उपयोग अनुशंसित मात्रा एवं वैज्ञानिक सलाह के अनुसार करने की अपील की गई है। विभाग ने कहा है कि किसान भाई केवल डीएपी उर्वरक पर निर्भर न रहें, बल्कि फसल की आवश्यकता के अनुरूप एनपीके कॉम्प्लेक्स उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें, जिससे खेती अधिक लाभकारी बनने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहे। साथ ही फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में भी वृद्धि होती है।

# राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 6 जुलाई। एनटीपीसी विंध्याचल के विद्युत अनुरक्षण विभाग द्वारा 26 जून से 2 जुलाई तक राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सप्ताह भर चले अभियान में परियोजना के कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यावहारिक सुरक्षा कौशल को सुदृढ़ करना तथा सुरक्षित कार्य व्यवहार को बढ़ावा देना था। सप्ताह के दौरान स्टेज-1 ईएमडी कार्यशाला, स्विचयार्ड, प्रशिक्षण केंद्र, प्लांट कैंटीन तथा विभिन्न कार्यस्थलों पर अनेक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रशिक्षण में जोखिमपूर्ण विद्युत कार्य, विद्युत सुरक्षा नियंत्रण, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सुरक्षित आइसोलेशन, अर्थिंग, इंटरलॉक, सुरक्षा प्रणालियाँ तथा विद्युत उपकरणों के सुरक्षित संचालन जैसे विषय शामिल थे।

### सर्पदंश से बचाव चलेगा जागरूकता अभियान

**सिंगरौली 6 जुलाई (एनबीएन)।** वर्षा ऋतु में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिंगरौली द्वारा जिलेवासियों से सावधानी बरतने एवं सर्पदंश की स्थिति में सही उपचार अपनाने की अपील की गई है। जारी एडवाइजरी के अनुसार सर्पदंश होने पर मरीज को शांत रखें, प्रभावित अंग को स्थिर रखें तथा बिना देर किए निकटतम शासकीय अस्पताल पहुंचाएं, जहां निःशुल्क एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध है। साथ ही झाड़-फूंक, चीरा लगाना, जहर चूसना, बर्फ लगाना या रक्त रोकने के लिए कसकर पट्टी बांधने जैसे उपायों से बचने की सलाह दी गई है।

# जेपीवीएल निगरी में सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

नवभारत न्यूज

**निगरी 6 जुलाई। जेपीवीएल निगरी प्लांट द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आज सोमवार से सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ सीबीओ शशाधर दास द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराकर किया गया, विशिष्ट अतिथि मयंक जलावड़िया प्रभारी प्रमुख - संचालन एवं परिरक्षण, डॉ. एसएन दूबे एवीपी, डीके सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (ओ एण्ड एम) मौजूद रहे।**

इसी क्रम में आज प्रात:काल 10:00 बजे एक पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया तत्पश्चात् संस्थान में सभी कार्य सुरक्षित ढंग से किये जायें, इसके लिए सीबीओ शशाधर दास द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई और अपने उद्बोधन में कहा कि कार्य करने से पहले जॉब का जॉब सेफ्टी एनालिसिस करें एवं 7 पीपीई का प्रयोग कार्य के अनुसार करें, हेजार्ड को इलिमिनेट करके ही कार्य करें। लॉइफसेविंग सेफ्टी रुल का पालन करें एवं सुरक्षा को अपने आदत में लायें तभी शुन्य दुर्घटना के लक्ष्य को कायम रखा जा सकता है। कार्यक्रम में एनए खान उपाध्यक्ष डी एम प्लान्ट सहित अन्य मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 जुलाई। जिला कांग्रेस कमेटी शहर ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर पूर्व महापौर रेनू शाह एवं राधिका प्रसाद शाह पप्पू के खिलाफ दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई वापस लेने की मांग की है।**

जिला कांग्रेस शहर ने ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 2 जुलाई को पावर ग्रिड कंपनी के प्रबंधन एवं ठेकेदार की कथित लापरवाही के कारण जगदीश शाह परसदेही की मौत हो गई थी। घटना के बाद पूर्व महापौर रेनू शाह और राधिका प्रसाद शाह शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे थे तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं न्याय दिलाने की मांग की थी। जिला कांग्रेस ने एसपी से पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराते हुए रेनू शाह और राधिका प्रसाद शाह के खिलाफ दर्ज प्रकरण वापस लेने की मांग की है।

# वघबुड़वा में मनी श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती

नवभारत न्यूज

**देवसर 6 जुलाई। जपं देवसर क्षेत्रांतर्गत बैगा बाहुल्य ग्राम वघबुड़वा ग्राम पंचायत जोगिनी में भारत के महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जपं देवसर अध्यक्ष प्रणव पाठक ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान का स्मरण किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रणव पाठक ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उनका उद्घोष केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की एकात्मता का संकल्प था।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जोगिनी की सरपंच एतवरिया साकेत, उपसरपंच अर्जुन प्रसाद यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### 31 जुलाई तक कराएं फसलों का बीमा

**सिंगरौली 6 जुलाई (एनबीएन)।** खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले के किसानों से 31 जुलाई तक अपनी खरीफ फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है। योजना के तहत धान, उड़द, अन्य अधिसूचित फसलों का बीमा कराया जा सकता है, जिससे प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। कृषि विभाग द्वारा बताया गया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को अतिवृष्टि, सूखा जैसी परिस्थितियों में फसल क्षति होने पर आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है।

# पौधरोपण के कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करें : गौरव

## एनटीपीसी के आवास में अवैध रूप से रहने वाले अधिकारियों की दो दिवस के अंदर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 जुलाई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर गौरव बैनल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार सभी कार्य निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराए जाएं।**

आगे कहा कि शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी तहसीलों के हल्का पटवारी पटवारी दिवस पर अनिवार्य रूप से अपने-अपने हल्कों में उपस्थित रहकर किसानों एवं आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जो स्थानांतरण के बाद भी एनटीपीसी के आवासों में अवैध रूप से निवासरत हैं और आवास खाली नहीं किए हैं। कलेक्टर ने विभागवार वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देशित किया। उन्होंने डीईओ को निर्देशित किया कि जिले के सभी विद्यालय निर्धारित समय पर संचालित हों।